Under CSR Support by Ipca | Foundation missiongyan

## अध्याय - 5 | व्यवसाय की उभरती पद्धतियाँ

**QUIZ PART-05**

1. **पारंपरिक व्यवसाय में वस्तु का निर्माण कैसा होता है?**
   A. आसान
   B. अत्यधिक सरल
   C. कठिन
   D. बिना किसी प्रक्रिया के (C)

*व्याख्या :* निर्माण प्रक्रिया पारंपरिक व्यवसाय में कठिन मानी जाती है, जबकि ई–व्यवसाय में यह सरल होती है।

2. **ई–व्यवसाय में भौतिक उपस्थिति की आवश्यकता कैसी होती है?**
   A. बहुत अधिक
   B. कभी–कभी
   C. आवश्यक नहीं
   D. अनिवार्य (C)

*व्याख्या :* ई–व्यवसाय डिजिटल माध्यमों पर आधारित होने से भौतिक उपस्थिति अनिवार्य नहीं होती।

3. **पारंपरिक व्यवसाय में उत्पादन, भंडारण एवं विपणन के लिए क्या आवश्यक होता है?**
   A. कम निवेश
   B. कोई संसाधन नहीं
   C. अधिक धन लगाना पड़ता है
   D. केवल इंटरनेट (C)

*व्याख्या :* पारंपरिक व्यवसाय में बुनियादी ढाँचा, भंडारण और विपणन पर अधिक लागत आती है।

4. **ई–व्यवसाय में काम करने के लिए कर्मचारियों को किस प्रकार की दक्षता की आवश्यकता होती है?**
   A. केवल शारीरिक क्षमता
   B. इंटरनेट और कंप्यूटर की जानकारी
   C. कृषि संबंधी जानकारी
   D. केवल बोलने की क्षमता (B)

*व्याख्या :* ई–व्यवसाय में तकनीकी दक्षता अनिवार्य होती है क्योंकि सभी कार्य ऑनलाइन संचालित होते हैं।

5. **पारंपरिक व्यवसाय में आदेश श्रृंखला कैसी होती है?**
   A. बहुत छोटी
   B. प्रत्यक्ष और सरल
   C. लंबी और ऊर्ध्वाधर
   D. बिना किसी मार्ग के (C)

*व्याख्या :* पारंपरिक व्यवसाय में आदेश देने और पालन करने की प्रक्रिया लंबी व ऊर्ध्वाधर होती है।

6. **ई–व्यवसाय में आदेश और संचार प्रणाली कैसी होती है?**
   A. जटिल
   B. लंबी
   C. सरल और स्तरहीन
   D. केवल लिखित (C)

*व्याख्या :* ई–व्यवसाय में ऑनलाइन संचार होने से आदेश प्रणाली सरल और तेज़ होती है।

7. **पारंपरिक व्यवसाय में नियमों का प्रबंधन कैसा होता है?**
   A. छोटा
   B. बहुत बड़ा और जटिल
   C. नहीं होता
   D. केवल ग्राहकों के लिए (B)

*व्याख्या :* पारंपरिक व्यवसाय में प्रक्रियाएँ लंबी होने के कारण नियमों का प्रबंधन भी बड़ा और जटिल होता है।

8. **ई–व्यवसाय में नियम प्रबंधन कैसा होता है?**
   A. जटिल
   B. लंबे समय वाला
   C. छोटा और सरल
   D. अस्पष्ट (C)

*व्याख्या :* ई–व्यवसाय में डिजिटल प्रक्रियाओं के कारण नियमों का प्रबंधन काफी सरल होता है।

9. **पारंपरिक व्यवसाय में ग्राहक सेवा कैसी मानी जाती है?**
   A. बहुत सरल
   B. सीधे संपर्क पर आधारित
   C. पूरी तरह स्वचालित
   D. केवल ऑनलाइन (B)

*व्याख्या :* पारंपरिक व्यवसाय में ग्राहक सेवा प्रत्यक्ष संपर्क पर आधारित होती है।

10. **ई–व्यवसाय में वैश्वीकरण की स्थिति कैसी है?**
    A. सीमित
    B. बहुत कम
    C. अत्यधिक
    D. केवल स्थानीय (C)

*व्याख्या :* ई–व्यवसाय डिजिटल माध्यमों के कारण वैश्विक स्तर पर संचालित किया जा सकता है, इसलिए इसका विस्तार अत्यधिक तेज़ है।

मिशन ज्ञान
मन चाहे, जहाँ चाहे, जैसा चाहे!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App